महिला एवं बाल हितैषी बनेगा गोटेगांव खेड़ा

बीबीपुर मॉडल ऑफ विमेन एम्पॉवरमेंट एंड विलेज डेव्लपमेंट के सुनील जागलान ने गांव लिया गोद

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फेवरेट सरपंच हरियाणा के सुनील जागलान जिनकी प्रधानमंत्री मन की बात के अलावा सिलिकॉन वैली से लेकर इंग्लैंड के वैम्बले स्टेडियम में भी तारीफ कर चुके हैं वो नरसिंहपुर जनपद के गॉव गोटेगॉव खेड़ा में उनके बीबीपुर मॉडल ऑफ विमेन एम्पॉवरमेंट एंड विलेज डेवलपमेंट को लागू कर अभियान शुरू किया जा चुका है। इसके लिए गॉव में काफी अभियान महिला हितैषी व बाल हितैषी पंचायत द्वारा ग्रामीण विकास से जोड़कर लागू किए जा रहे हैं। यह सभी अभियान यूनिसेफ व भारत सरकार द्वारा बनाए गए सभी मापदंड को पूरा करते हैं। सुनील जागलान यूनिसेफ भोपाल के इस कार्यक्रम के सलाहकार के तहत कार्य कर रहे हैं।

सुनील जागलान के बीबीपुर मॉडल की तारीफ पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी करते हुए राष्ट्रपति भवन द्वारा गोद लिए गांवों में इस मॉडल को लागू किया था। सुनील जागलान वर्ष 2010 सरपंच रहते हुए दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके हैं तथा देश की पहली डिजिटल पंचायत, महिला हितैषी पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, ग्राम सचिवालय, ई ग्राम सभी, पुस्तकालय, महिला ग्राम सभी पहले ऐसे कदम रहे जो इस समय देश की किसी पंचायत ने उठाए व बाद में केंद्र व राज्य सरकारों ने इनके मॉडल को अपनाया।

इस मॉडल पर बनी डॉक्युमेंट्री फिल्म सनराइज भी बन चुकी है जिसे राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय फिल्म फ़ेयर पुरूस्कार मिल चुका है तथा "ए विलेज नेम्ड बीबीपुर" से आठवीं कक्षा में पाठ भी शामिल है। सुनील जागलान द्वारा एक प्रकिया के तहत गोटेगॉव खेड़ा गोद लिया है वो स्वयं गॉव में एक सप्ताह के लिए रहकर ग्रामीणों व अधिकारियों से मिटिंग कर इसे आगे बढ़ा रहे है तथा यूनिसेफ व शासन की हिदायतों अनुशार किया जा रहा है।

गोटेगॉव खेड़ा कि सरपंच प्रियंका खेमरिया ने कहा कि जब से सुनील जागलान गांव में दूसरी बार आए हैं, गांव में ऊर्जा का संचार हो गया है। सुबह से लेकर रात तक मिटिंग व जागरूकता के कार्य होते है। ग्रामीणों में बहुत जोश है जो पहली बार बहुत सहयोग कर रहे हैं। हमारे गांव की महिला एवं लड़कियां सुनील जागलान से बहुत जुड़ कर काम कर रही हैं।

बीबीपुर मॉडल पर आधारित महिला ग्राम सभा व बाल सभा का गठन किय जा चुका है तथा नरसिंहपुर जिले की पहली बाल सरपंच आफ़रीन खान को भी इस मॉडल की पूरी प्रकिया के तहत बनाया गया है। बीबीपुर मॉडल ऑफ विमेन एम्पॉवरमेंट एंड विलेज डेवलपमेंट के फाऊंडर सुनील जागलान ने कहा कि एक वर्ष में इस गॉव को हम महिला एवं बाल हितैषी के लिए पूर्णत: तैयार कर देंगे ।

इस कार्यक्रम में यूनिसेफ की सोशल पॉलिसी स्पेशलिस्ट पूजा सिंह का नेतृत्व शुरू से रहा है तथा वो स्वयं इस कार्यक्रम को मॉनिटर कर रही है। सुनील जागलान गोटेगॉव खेड़ा में यूनिसेफ की तरफ से भागेदारी कर इस गॉव के नेतृत्व में महिला एवं बालिकाओं की भागेदारी तय करवा रहे हैं।

प्रदर्शनी में कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी को मिला दूसरा स्थान

सिवनी, देशबन्धु। कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में इंजीनियर कुमार सोनी एवं डॉ. जी. के. राणा के द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर द्वारा आयोजित किसान मेला के साथ ही प्रदर्शनी भी विगत दिवस आयोजित की गई। इस किसान मेला एवं प्रदर्शनी में 50 से अधिक कृषि जानकारी हेतु स्टॉल लगाए गए। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी द्वारा कृषि तकनीकी के नवाचार एवं कृषि जानकारी से संबंधित प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल लगाया गया।

स्टॉल में गेहूं, चना, मटर, सरसों, अलसी, मक्का, धान, कुसुम, सूरजमुखी, श्री अन्न आदि के नवीनतम बीज कृषि तकनीक एवं नवाचार के साथ ही केंचुआ खाद, मुनगा बेगानी, सेमजैव उर्वरक, जैविक खेती, पशुपालन इकाई की मॉडल एवं सीड बॉल का भा.कृ.अनु.प.खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर द्वारा आयोजित किसान मेला सह प्रदर्शनी 2025 में कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के द्वारा उच्च तकनीकियों एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

शासकीय स्टॉल श्रेणी में कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मेला के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह एवं निदेशक डी. डब्ल्यू. आर. डॉ. जे. एस. मिश्रा द्वारा केवीके के स्टॉल का निरीक्षण किया गया। मेला के समापन अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा निदेशक डी. डब्ल्यू. आर. डॉ. जे. एस. मिश्रा प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. पी. के. सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

किसान मेला एवं प्रदर्शनी में कृषि विज्ञान की नवीनतम तकनीकी बीज कृषि यंत्रड्रोन टेक्नोलॉजी बागवानी, खरपतवार नियंत्रण उर्वरक प्रकृतिक खेती, जैविक खेती, उर्वरकों का उपयोग रासायनिक दवाइयां एवं नवीनतम कृषि अभियांत्रिकी यंत्रों का व्यापक प्रदर्शन एवं प्रचार- प्रसार किया गया।

सार-समाचार

दस्तक अभियान का शुभारंभ

छपारा, देशबन्धु। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में दस्तक अभियान का शुभारंभ बीएमओ टी.एस. इंवाती के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगरपरिषद अध्यक्ष निशा पटेल, जनपद अध्यक्ष सदम वरकड़े, नगरपरिषद पार्षद पांडे जी, जैन साहब अक्षिता फाउंडेशन एवम दस्तक नोडल स्वाती शर्मा मैडम, बीईई पी एल मुड़िया,एएनएम लक्ष्मी डेहरिया, आशा कार्यकर्ता , दुलारि बरमैया, शांति डेहरिया एवम अन्य हितग्राही उपस्थित थे । उपस्थित हितग्राहियों के बच्चो को विटामिन ए की खुराक उपस्थित गणमान्यो के द्वारा पिलाई गयी। दस्तक अभियान का मुख्य उद्देश्य सीडीआर में कमी लाना, विटामिन ए की खुराक बच्चो की इम्युनिटी ,को बढ़ाता है, रतोंधी, निमोनिया, कुपोषण ,को भी कम करता है ,हमारे मध्यप्रदेश में 1000 जन्मे बच्चो में से 56 बच्चे अपना पहला जन्म दिन नही मना पाते एवम काल के गाल में समा जाते है, इसलिए वर्ष में 2 बार यह अनुपूरण सप्लीमेंट्स दिया जाता है, जिससे शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। हम आप सभी के सहयोग से इस दस्तक अभियान को सफल बनाएंगे ।

विधिक साक्षरता शिविर में गुड टच-बेड टच की जानकारी दी

रामाकोना, देशबन्धु। तहसील विधिक सेवा समिति सौसर के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह के नेत्रत्व में 18 फरवरी को एंजेल पब्लिक स्कूल रामाकोना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनिरुद्ध कुमार उचाडिया व्यवहार न्यायाधीश ने छात्र छात्राओं को मोटर व्हीकल एक्ट, गुड टच बेड टच, ड्राइविंग लाइसेंस, विधिक और कानून की जानकारी दी। शिविर में प्राचार्य श्रीमती रजनी ठाकुर, शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विधायक ने खेल प्रेमियों का बढ़ाया उत्साह, पुरस्कार वितरण में लिया हिस्सा

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय महेंद्र नागेश ने ग्राम बुधगांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में उपस्थिति दी तथा विजेता टीम रहली एव उप विजेता टीम खापा को पुरुस्कार भी दिए। माननीय विधायक महेन्द्र नागेश इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा खेल प्रेमियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री माननीय जालम सिंह पटैल,नव नियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा रामस्नेही पाठक , मंडल अध्यक्ष द्वय अभिषेक पटैल, भगवत सिंह पटैल एवं पार्टी के कार्यकर्ता गण, ग्रामीण जन एवं क्रिकेट खेल के प्रेमीजन उपस्थित रहे।

नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा 19 फरवरी को सिवनी एवं अन्य चेक प्वाइंट में जाँच की गई। जिसमें 08 वाहनों पर कुल 17 हजार रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया।जाँच दौरान स्कूल बस क्रमांक स्क्क22क्0395 जिस पर बिना फिटनेस के संचालन किए जाने पर 2000/- का समन शुल्क आरोपित किया गया। इसी तरह वाहन क्रमांक रू।40ष्टरू3432 ह्लद्मह्यजिस पर ओवर लोडिंग पाये जाने पर 05 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसी तरह स्कूल वाहन क्रमांक स्क्क22क्0331 जिस पर नियम विरूद्ध संचालित पाये जाने के कारण 02 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित करते हुए अन्य 05 वाहनों से 08 हजार रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया।

जल उपयोगित समिति की बैठक 25 को

सिवनी, देशबन्धु । कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग व्ही पी चौधरी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024-25 के लिए रबी सिंचाई का लक्ष्य एवं सिंचाई संचालन के दौरान कृषकों को होने वाली कठिनाईयों के निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार 25 फरवरी को दोपहर 03.00 बजे कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है।

धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

पीपलानारायणवार, देशबन्धु। आज छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती बड़े धूमधाम राजमार्केटिग बस स्टाप पिपला नारायणवार मे मनाई गई सर्वप्रथम छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुजा अर्चना कि एवं समाजसेवी मधुकर गायकवाड एवं कुशल चौधरी, तेजराव गयकवाड ने शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र पर एवं उनके द्वारा सर्व समाज के किए गए सर्वोच्च कार्य किए गए पर प्रकाश डाला गया शिवाजी का नाम हर मराठा गर्व के साथ लेता है।

केवल महाराष्ट्र ही नहीं पूरे देश में पूछा जाता है शिवाजी महाराज ने स्वराज की स्थापना के लिए अपने जीवन के अंतिम समय तक प्रयास किया उन्होंने वीरता के साथ कई मुगलों के केले पर विजेता प्राप्त की और सनातन हिंदू समाज के लिए आदर्श और सुविधा पूर्ण राज्य स्वराज की स्थापना की शिवाजी महाराज हमारे देश और समाज के लिए एक महान देशभक्ति और वीर पुरुष की गणना में पहचाने जाते हैं इसलिए हम सब भारतवासियों ने शिवाजी महाराज के आदर्श आदर्श का पालन कर समाज और देश हित में कार्य करना चाहिए तभी भारत एक विकसित राष्ट्र विश्व के पटल पर पहचाना जाएगा।

नगर के समाजसेवी नानाजी बिरे, मधुकर गायकवाड, खुशाल चौधरी विनायक धोटे, वामन चौधरी, रामराव कड़ू तेजराव गायकवाड, विशाल ठाकरे सागर येंमदे अभिषेक काले साहिल चोलकर सुरेश वंजारी मनोज सांबरे पवन जायसवाल पत्रकार शेषराव बिरे ,प्रवीण महेश्वरी, उमेश गुवे, पंकज मोरे एवं मानवता संदेश टीम ज्योति देशभरतार सहित नगर के सभी नागरिक उपस्थित थे।

महिला मंडल ने मनाई श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

सौसर, देशबन्धु। बुधवार को संजय नगर के प्रबुद्ध बौध्द विहार में सुजाता महिला मंडल द्वारा श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। तथागत बुद्ध,श्री छत्रपति शिवाजी महाराज एवं संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्वलन माल्यार्पण एवं अभिवादन महिला मंडल के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बौद्ध नवयुवक युवति परिचय सम्मेलन समिति सौसर मार्गदर्शक मुरलीधर कामले ने कहा कि श्री छत्रपति शिवाजी महाराज ने जीवन भर वंचित लोगों के न्याय दिलाने स्वराज की स्थापना के लिए काम किया है। महात्मा ज्योतिबा फुले ने सर्वप्रथम श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के समाधि का शोध लगाकर श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई थी। डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी ने महाड़ पानी सत्याग्रह का जय शिवराय,जय ज्योतिबा का नारा देकर आंदोलन की शुरुआत की थी। जयंती समारोह को श्रीमती प्रिया नगरारे ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में सुजाता महिला मंडल की प्रभाबाई ठवरे,प्रतिभा गजभिये,माया बागड़े, अनिता सोमकुंवर, शिल्पा वाहने, अर्चना सोमकुंवर, शिल्पा नागदवने, सुरेखा चौरे, नदा निकोसे, विजय नागदवने, सिद्धार्थ सोमकुंवर, मुकेश बागड़े, कैलास गजभिये, सतीश बंसोड़ आदि थे।

टाइगर ग्रुप ने दो मनोरोगियों को नहला धुला कर नये कपड़े दिए

सौसर, देशबन्धु। आप सभी को छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव की बहुत बहुत शुभकामनायें देते हुए टायगर ग्रुप के प्रमुख अंकित गुर्वे ने अनोखा प्रयास करते हुए क्षेत्र मे मनोरुग्न अवस्था मे घूम रहे युवाओ को कन्हान ढाबा मे इक्कठा कर उनको नहला कर, उनके बाल काट कर, साफ सुथरा कर, नए कपड़े पहना कर, खाना खिला कर जानने का प्रयास किया जा रहा है की ये दोनों युवा कहा से है उनका निवास स्थान कहा से उनके गांव का पता कर उनको गांव भेजनें का प्रबंधन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में महेश भक्ते, अंकुश पातुरकर, मोहन भक्ते, अतुल कामठे, अक्षय संकट, अश्विन वाठ एवं टायगर ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

सौसर में कार्यक्रम आयोजित, पहुंचे छिंदवाड़ा सांसद

सौसर, देशबन्धु। अखंड भारत के साथ साथ संपूर्ण विश्व इस वर्ष हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक और सनातन धर्म एवं संस्कृति के रक्षक आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती का कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सौसर नगर में भी श्री शिवराय संगठन सौसर के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर विविध कार्यक्रम संपन्न हुए ।

शिवजयंती कार्यक्रम प्रभारी और संगठन के सचिव निखिल जूनघरे ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती के शुभ अवसर पर श्री शिवराय संगठन के तत्वावधान में 19 फरवरी को सुबह 9 बजे से श्री उपासनी गोदावरी स्वाध्याय कन्या संस्कार केंद्र की संचालिका रेखाताई कंटक एवं उनकी शिष्याओं द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ युवा सांसद विवेक (बंटी) साहू के मुख्य आतिथ्य एवं श्री शिवराय संगठन के उपाध्यक्ष राजेंद्र ठवरे की उपस्थित में हिंदवी स्वराज्य संस्थापक आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज का महाकुंभ त्रिवेणी संगम के अमृतजल, सप्त नदियों के जल एवं पंचामृत से छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अभिषेक एवं पूजन एवं

महाआरती का कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ। पूजन के पश्चात आदित्य दवंडे द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की शिवगर्जना जयघोष की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद विवेक बंटी साहू ने छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा का पूजन कर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि इस राष्ट्र के स्वराज्य स्थापना में छत्रपति शिवाजी महाराज का महत्वपूर्ण योगदान है, छत्रपति महाराज हमारे और हिंदू समाज के लिए देवतुल्य है।

इसके बाद श्री शिवराय संगठन द्वारा नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज, मां जिजाऊ की झांकी प्रस्तुत की गई। छोटे स्वयंसेवकों द्वारा शिवकालीन शस्त्र एवं अखाड़े का प्रदर्शन किया गया और भव्य आतिशबाजी के साथ सौसर नगर का युवा वर्ग डीजे की ताल पर झूमते नजर आया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा सांसद विवेक (बंटी) साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, पूर्व नपा अध्यक्ष संजय राठी, नपा सौसर अध्यक्ष सुरेखा डागा, नपा सौसर उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे एवं पार्षद गण, नपा मोहगांव अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, पूर्व नपा अध्यक्ष लक्ष्मण चाके, राहुल मोहोड़ सहित श्री शिवराय संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

श्री शिवजन्मोत्सव के इस दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने एवं सहयोग करने वाले सकल हिंदू समाज के सभी गणमान्य नागरिक बंधुओं, सामाजिक, धार्मिक संगठनों, सौसर नगरवासियों, नगर पालिका परिषद सौसर एवं मोहगांव के अधिकारी कर्मचारीयो सहित पुलिस प्रशासन एवं इस कार्यक्रम का मीडिया कवरेज करने वाले सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर 31 अधिकारियों पर लगा अर्थदंड

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संस्कृति जैन ने सी.एम. हेल्पलाईन में अधिक समय से लंबित तथा लेवल आफिसर द्वारा शिकायतों को नियमित अडेंट नहीं किया जाना एवं लेबल अधिकारी द्वारा बिना निराकरण दर्ज कर अनिराकृत शिकायतें शिकायतें अगले लेबल पर पहुंचना जैसी लापरवाही पाए जाने पर कुल 31 लेवल ऑफिसर पर प्रति शिकायत राशि रु. 100/- के मान से 6700 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के आदेश जारी किए हैं।

जिसमें प्रदीप सनोडिया कनिष्ठ अभियंता पर 100 रूपये, मोरिस नाथ उपसंचालक कृषि पर 100 रूपये, रविन्द्र ताराम जिला प्रबंधक पर 100 रूपये, वी के उइके एक्जिकेटिव इंजीनियर पर 100 रूपये, श्रीमति पूर्व तिवारी पीओ डुडा पर 100 रूपये, अनुराग रावल मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर 700 रूपये, रेखा देशमुख मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर 100 रूपये, जयकिशन शर्मा सब इंजीनियर पर 100 रूपये, डॉ. ज्योतिबाला जैन पशु चिकित्सा अधिकारी पर 100 रूपये, राजश्री मेश्राम सीडीपीओ पर 100 रूपये, अमृत लाल धुर्वे तहसीलदार पर 500 रूपये, बिसन सिंह अनुविभागीय अधिकारी पर 400 रूपये, श्रीमती मीना दशरिये तहसीदार पर 200 रूपये, आर के हनुमंते कार्यपालन यंत्री पर 100 रूपये, डॉ. अमृत लाकरा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी पर 500 रूपये, डॉ. विनोद कुमार नावकर सिविल सर्जन पर 300 रूपये, डॉ. राजेन्द्र कुमार विकासखंड चिकित्सा अधिकारी पर 100 रूपये, श्रीमती सोनू तिवारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर 100 रूपये, डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पर 100 रूपये,पीयुष गौतम परिक्षेत्र अधिकारी पर 300 रूपये, शरद कुमार जोशी उप अंचल प्रबंधक पर 100 रूपये, विकास राठौर क्लस्टर हैड पर 100 रूपये, आनंद सुमन डिप्टी जोनल मैनेजर पर 600 रूपये, मनौज जैन असिस्टेंड जनरल मैनेजर पर 900 रूपये, आशु गर्ग सर्किल हैड पर 100 रूपये, री शैलेन्द्र सिंह बोहरा फील्ड जनरल मैनेजर पर 100 रूपये, एस एल सोनार्थी मुख्य प्रबंधक पर 200 रूपये, विवेक बंसल व्ही पी पर 100 रूपये, प्रवीण कुमार दिसोरिया अग्रणी शाखा प्रबंधक पर 100 रूपये, एस एस कुमरे डी ई ओ पर 100 रूपये, बी डी वरकड़े विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर 100 रूपये अर्थदण्ड किया गया है।

दैनिक राशिफल

गुरुवार 20 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र- विशाखा।

मेष
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

वृषभ
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

मिथुन
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-247-788

कर्क
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

सिंह
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

कन्या
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

तुला
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

वृश्चिक
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

धनु
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

कुंभ
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

मीन
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म. 170-127

2,4,5,7,25,21,40,55,71,17,04,55